# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय **नवीन** महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)

**www.govtcollegebori.com**
Email-govtcollegebori@gmail.com
College Code - 1609

बोरी दिनांक 01/09/ 2023

सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि नारी सशक्तिकरण समिति द्वारा दिनांक 04-09-2023 को सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम का विवरण | नारी की उन्नति हेतु सामाजिक प्रथाओं में संशोधन |
| वक्ता/ संयोजक का नाम | डॉ आशा दीवान , विभागाध्यक्ष हिंदी |
| दिनांक | 04-09-2023 |
| स्थान | महाविद्यालय सभागार |
| समय | 2 : 0 0 pm |

(डा आनंद कुमार विश्वकर्मा )
Principal
Govt. Naveen College Bori
Distt. Durg (C.G.)

# शासकीय नवीन महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)
## नारी सशक्तिकरण समिति
## <u>प्रतिवेदन</u>

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के महिला सशक्तिकरण इकाई के तत्वाधान में दिनांक 4 सितंबर 2023 को नारी की उन्नति हेतु सामाजिक प्रथाओं में संशोधन इस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ आशा दीवान थी। उन्होंने अपने वक्तव्य में बतलाया कि महिलाएं संपूर्ण जनसंख्या के 50% का प्रतिनिधित्व करती है, लेकिन आज की परिस्थितियों में भी कई सामाजिक प्रथाओं ने उन्हें बंधे हुए हैं, जिसके कारण वह सभी क्षेत्रों में अपने 50% का प्रतिनिधित्व सही तरीके से नहीं कर सकती है। ग्रामीण क्षेत्र आज भी कई सामाजिक कुप्रथाओं के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाए हैं। कम उम्र में होने वाले विवाह, छोटी उम्र में लड़कियों पर मातृत्वकी जिम्मेदारीया, उच्च शिक्षा की ओर न जाने देना, लड़कियों के लिए नौकरियां पर पाबंदी आदि ऐसी कुरीतियां हैं जिससे निजात पाना आज की आवश्यकता है, अन्यथा इस संपूर्ण समाज का पूर्ण विकास होना संभव नहीं है। सेमिनार में महाविद्यालय की छात्राए सम्मिलित हुए। सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के नारी सशक्तिकरण समिति के संयोजक डॉक्टर मीना चक्रवर्ती द्वारा किया गया।

(डा आनंद कुमार विश्वकर्मा )
Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय **नवीन** महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)

**www.govtcollegebori.com**

Email-govtcollegebori@gmail.com

College Code - 1609

बोरी दिनांक 25/09/2023

सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि नारी सशक्तिकरण समिति द्वारा दिनांक 26-09-2023 को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम का विवरण | राजनीति में महिलाओं के लिए अवसर |
| वक्ता/ संयोजक का नाम | डॉ तापस मुखेर्जी , विभागाध्यक्ष अंग्रेजी |
| दिनांक | 26-09-2023 |
| स्थान | महाविद्यालय सभागार |
| समय | 2 : 0 0 pm |

(डा आनंद कुमार विश्वकर्मा )
Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

# शासकीय नवीन महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)
## नारी सशक्तिकरण समिति
## <u>प्रतिवेदन</u>

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के नारी सशक्तिकरण समिति के तत्वाधान में दिनांक 26 सितंबर 2023 को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर तापस मुखर्जी विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी में राजनीति में महिलाओं के लिए अवसर इस विषय पर अपना व्याख्यान प्रदान किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने बतलाया कि नारी सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें नारी के संपूर्ण विकास के लिए समाज को सभी नई संभावनाओं के विकल्प खुले रखने होंगे। वर्तमान मेंअधिकतर महिलाओं का दायरा उनके घर तक ही सीमित रह गया है। शहरों में महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक हैं, लेकिन कई ग्रामीण अंचल में आज भी स्थिति पहले जैसी ही है। ऐसे में महिलाओं को राजनीति में भी समान रूप से प्रयास करना जरूरी है ताकि वह अपने और अपने साथ अन्य महिलाओं की समस्या को जनपटल पर रख सके और उसके लिए आवाज उठा सके. जब तक महिलाओं को राजनीतिक अवसर प्राप्त नहीं होंगे, वे अपने अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ नहीं पाएंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि महिलाओं का राजनीति में बराबर का योगदान हो और यह योगदान का मार्ग महिलाओं के शिक्षित होने पर ही कामयाब हो पाएगा। इस व्याख्यान में महाविद्यालय की छात्राओं ने अति उत्साह के साथ भाग लिया। व्याख्यान के अंत में उन्होंने अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। यह संपूर्ण कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण समिति के संयोजक डॉ मीना चक्रवर्ती के द्वारा आयोजित किया गया।

(डा आनंद कुमार विश्वकर्मा)
Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय **नवीन** महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)

**www.govtcollegebori.com**
Email-govtcollegebori@gmail.com
College Code - 1609

बोरी दिनांक 07/11/2023

सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि नारी सशक्तिकरण समिति द्वारा दिनांक 08-11-2023 को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम का विवरण | विज्ञान में महिलाओं का योगदान |
| वक्ता/ संयोजक का नाम | डॉ मनीषा ठाकुर , प्राध्यापक रसायन शास्त्र |
| दिनांक | 08-11-2023 |
| स्थान | महाविद्यालय सभागार |
| समय | 2 : 30 pm |

(डा आनंद कुमार विश्वकर्मा)
Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

# शासकीय नवीन महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)
## नारी सशक्तिकरण समिति
## <u>प्रतिवेदन</u>

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के नारी सशक्तिकरण समिति के तत्वाधान में दिनांक 8 नवंबर 2023 को एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मनीष ठाकुर प्राध्यापक रसायन शास्त्र उपस्थित थी जिन्होंने विज्ञान में महिलाओं का योगदान विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने वक्तव्य में उन्होंनेउपस्थित विद्यार्थियों को बतलाया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बिना आज का जीवन संभव नहीं है और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की विभाग के मुताबिक इन अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। महिलाएं शोध और नवाचार के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाती है लेकिन देश के पिछड़े हुए क्षेत्र की महिलाओं का विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आज भी प्रतिशत काफी कम है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बतलाया कि ग्रेस हॉपर ने 1930 से 1980 के दशक में कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग भाषाओं के विकास में अहम भूमिका निभाई थीऔर वही कंप्यूटर आज हमारी मूलभूत आवश्यकता में परिवर्तित हो गया है। आनंदीबाई जोशी पश्चिमी गोलार्ध में चिकित्सा की डिग्री हासिल करने वाली पहली हिंदू महिला थी। जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि महिलाओं में क्षमता की कोई कमी नहीं है ,आवश्यकता है तो महाविद्यालय एवं विद्यालय में मेंटरशिप कार्यक्रम, छात्रवृत्ति और नेटवर्किंग के द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में जोड़े जाने की। विज्ञान में महिलाएं जितना आगे बढ़ेगी देश के साथ-साथ वह अपने परिवार और समाज को भी आगे ले जाएगी और कुरीतियों का अंत कर महिलाओं के उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी। संपूर्ण कार्यक्रम मेंछात्राओं ने अति उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन महिला सशक्तिकरण समिति की संयोजक डॉक्टर मीना चक्रवर्ती द्वारा किया गया।

(डा आनंद कुमार विश्वकर्मा)
Principal
Govt. Naveen College Bori
Distt. Durg (C.G.)